दैनिक भास्कर 12/10/2023

गर्ल चाइल्ड डे पर निकाली जागरूकता रैली

भास्कर न्यूज | अम्बाला

जीएमएन कॉलेज के अंग्रेजी विभाग ने बुधवार को इंटरनेशनल गर्ल चाइल्ड डे, पर जागरूकता रैली निकाली। इसके अलावा पोस्टर बनाओ व स्लोगन लेखन प्रतियोगिताएं विभागाध्यक्ष डॉ. अमित कि देखरेख में कराई।

कार्यक्रम संयोजक डॉ. नीना ने स्लोगन सेव गर्ल चाइल्ड सेव टुमारो के माध्यम से बालिकाओं की समाज में महत्वपूर्ण भूमिका की तरफ प्रकाश डालते हुए रैली की शुरुआत की। रैली में पोस्टर व स्लोगन से स्टूडेंट्स ने बालिकाओं पर होने वाले मानसिक व शारीरिक शोषण, लैंगिक असमानता, कुपोषण जैसी समस्याओं को बताते हुए स्टूडेंट्स को जागरूक किया। मौके पर अंग्रेजी विभाग से डॉ. कमलेश कुमारी, डॉ. ज्योति, महक ने सहयोग दिया। रैली में 110 बच्चों ने भाग लिया। प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त भी मौजूद रहे।